# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## ग्यारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न
## सोमवार, 23 मार्च, 2026/02, चैत्र, 1947 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न** - 11

----

### कृषि योजनाएं

1587 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**
**श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सरकार द्वारा किसानों के कृषि विकास हेतु कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने किसानों को इन कृषि योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान किया गया; ब्यौरा वर्षवार तथा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें;

(ग) इस अवधि में प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने हेतु क्या कार्य किए गए; योजनावार ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में कृषि विभाग की जे0आई0सी0ए0 (JICA) परियोजना के फेस I, II व III के अंतर्गत क्या-क्या कार्य किए गए; कार्यवार ब्यौरा दें?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र

1588 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र हैं; नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) ऐसे कितने केन्द्र हैं जिनके पास जगह है लेकिन भवन का निर्माण अब तक नहीं हुआ है; और

(ग) कितने आंगनबाड़ी केन्द्र ऐसे हैं जो किराये के भवन में संचालित हैं; नाम सहित ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का आबंटन

1589 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत किस-किस स्कूल को सर्वशिक्षा अभियान, शिक्षा विभाग, उपायुक्त हमीरपुर तथा अनुसूचित जाति योजनाओं से कितनी-कितनी धनराशि किस-किस मद से आबंटित की गई; कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है व कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ख) ऐसे कितने स्कूल हैं जिनके भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है; सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने हेतु क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## माइनिंग लीज़

1590 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक प्रदेश में किन-किन जगहों पर माइनिंग लीज की अनुमति प्रदान की गई; जगह के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) M Form के माध्यम से प्रदेश के राजस्व में कितनी धनराशि एकत्रित हुई; ब्यौरा दें?

----

## ई-टैक्सी परमिट

1591 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक प्रदेश में कितने ई-टैक्सी परमिट जारी किए गए तथा इससे कितने लोगों को रोज़गार प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

1592 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितने राष्ट्रीय उच्च मार्ग/राष्ट्रीय राजमार्ग अधिसूचित हैं; इनकी संख्या, मार्ग संख्या (NH No.) तथा वे प्रदेश के किन-किन जिलों एवं प्रमुख स्थलों से होकर गुजरते हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण, प्रबंधन तथा रख-रखाव किन-किन विभागों/ संस्थाओं/एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है; एजेंसीवार सड़क लंबाई का ब्यौरा दें; और

(ग) इन मार्गों का प्रबंधन विभिन्न एजेंसियों को किस आधार/नीति/मापदंड के तहत आबंटित किया गया तथा क्या इस हेतु कोई मानक/दिशा-निर्देश/MoU/अधिसूचना लागू है; ब्यौरा दें?

----

## आपदा राहत कोष

1593 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक कुल्लू जिला में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान से राहत व पुनर्वास हेतु राष्ट्रीय आपदा राहत कोष व राज्य राहत कोष से लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग को कितनी-कितनी धनराशि किस मद में जारी हुई तथा कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है; योजना का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) इस अवधि में बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा राहत कोष

व राज्य राहत कोष से किन-किन पंचायतों में किन-किन मदों हेतु धनराशि स्वीकृत की गई; कार्य का नाम, स्वीकृत धनराशि व कार्य की अद्यतन स्थिति सहित पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## फसल /पशुओं को नुकसान

1594 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा फसलों एवं पशुओं को हुए नुकसान के कितने मामले दर्ज किए गए; प्रभावित किसानों को कितनी मुआवजा राशि प्रदान की गई; नाम व पते सहित पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## निर्माण कार्य

1595 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर) :**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलहेली का पुराना भवन जर्जर अवस्था में है; यदि हां, तो इसका पुनर्निर्माण कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्हचुराणी में शौचालय एवं बास्केट बॉल कोर्ट के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की जा चुकी है; ये कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

----

## पेड़ कटान

1596 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने पेड़ों की मार्किंग हुई व कितने काटे गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में वन विभाग को किन-किन मदों से कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; ब्यौरा दें?

----

## डी0एम0एफ0टी0

1597 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डी0एम0एफ0टी0 मद से कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितने कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है; स्वीकृत कार्यों व उन पर हुए व्यय का ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**17 मार्च, 2026 .** **सचिव**